2021/81

फर्द अहकाम
(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री श्यामलाल सोनी पुत्र श्री मोहनलाल
जाति सोनी
निवासी वीरवाडा तहसील पिण्डवाडा
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाडा

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं.33 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.04.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाडा को दिनॉक 18.02.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि अपीलांट द्वारा खसरा संख्या 739/1 रकबा 23.09 बीघा से सम्बन्धित सूचना एवं रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाडा को दिनॉक 18.02.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि अपीलांट द्वारा खसरा संख्या 739/1 रकबा 23.09 बीघा से सम्बन्धित सूचना एव रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाइ जावे। चूंकि सूचना तहसील कार्यालय से सम्बन्धित होने के कारण उपखण्ड अधिकारी पिण्डवाडा द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 679 दिनांक 01.03.2021 को तहसीलदार पिण्डवाडा को लिखा गया। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से खारिज हो। Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.27 12:19:45 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner